तापमान
अधिकतम 43 .4 डिग्री
न्यूनतम 20 .7 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शुक्रवार 24 अप्रैल 2026

**शहर में आज**
- उपायुक्त सचिन गुप्ता की अधिकारियों के साथ बैठक सुबह 11 बजे
- जजपा पार्टी कार्यालय नजदीक नया बस स्टैंड में दुष्यंत चौटाला दोपहर 3:30 बजे महत्वपूर्ण विषयों पर करेंगे प्रेस वार्ता

# आखिर 762 हादसों के बाद जागा प्रशासन, खरावड़ बाइपास आईआईएम चौक व चुलियाना मोड़ पर बनेंगे फ्लाईओवर

- दो साल में पूरा होगा निर्माण कार्य, वाहन चालकों को मिलेगी राहत
- सड़कें केवल दूरी घटाने का माध्यम नहीं, सुरक्षित यात्रा भी जरूरी





फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

एक साल में 762 से अधिक सड़क हादसे होने के बाद आखिरकार सरकार की नींद खुल गई है। लंबे समय से हादसों का गढ़ बन चुके खरावड़ बाइपास, आईआईएम चौक और चुलियाना मोड़ पर अब फ्लाईओवर का निर्माण होगा। इससे वाहन चालकों को राहत मिलेगी और सुरक्षा हो सकेगी। गुरुवार को उपायुक्त सचिन गुप्ता ने स्पष्ट किया कि सड़कें केवल दूरी घटाने का माध्यम नहीं हैं, बल्कि सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करना भी जरूरी है। इसी सोच के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के साथ इन परियोजनाओं को आगे बढ़ाया जा रहा है। वीरवार को कैंप कार्यालय में आयोजित बैठक में एनएचएआई के अधिकारियों के साथ इन संवेदनशील स्थानों पर विस्तार से चर्चा की गई।

### निर्माण के प्रस्ताव तैयार

बैठक में तकनीकी प्रबंधक मिनी सिंह और साइट इंजीनियर अमरजीत सिंह ने बताया कि तीनों स्थानों पर फ्लाईओवर निर्माण के प्रस्ताव तैयार किए जा चुके हैं। इन्हें चालू वित्त वर्ष में स्वीकृति दिलाने का लक्ष्य रखा गया है। योजना के अनुसार, तीनों फ्लाईओवर का निर्माण एक साथ शुरू किया जाएगा, ताकि ट्रैफिक दबाव को जल्द कम किया जा सके। निर्माण कार्य के लिए दो वर्ष की समयसीमा निर्धारित की गई है। प्रशासन का मानना है कि इन परियोजनाओं के पूरा होने के बाद शहर के ट्रैफिक का स्वरूप बदल जाएगा। अभी जहां ये स्थान जाम और हादसों की वजह बनते हैं, वहीं भविष्य में ये सुगम और व्यवस्थित यातायात के उदाहरण बन सकते हैं।

## खतरनाक मोड़ों पर नहीं जाएगी जान, ट्रैफिक और हादसों दोनों पर होगा काबू

### फिलहाल बेहद चिंताजनक हालात

खरावड़ बाइपास की स्थिति फिलहाल बेहद चिंताजनक बनी हुई है। पिछले एक वर्ष में यहां करीब 762 सड़क दुर्घटनाएं दर्ज की गई हैं, जो इसे जिले का सबसे खतरनाक मार्ग बना देती हैं। तेज रफ्तार, भारी ट्रैफिक दबाव और सड़क की बनावट में खामियां इस समस्या को और गंभीर बना रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां पर्याप्त ट्रैफिक संकेतक, स्पीड कंट्रोल और निगरानी की व्यवस्था का अभाव लंबे समय से है। चुलियाना मोड़ और आईआईएम चौक पर भी हादसे होते रहते हैं।

### निर्माण कार्य तुरंत शुरू हो : गुप्ता

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्य की प्रक्रिया तुरंत शुरू की जाए। सभी प्रोजेक्ट के एस्टीमेट बनाकर एनएचआई को भेज दें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि फ्लाईओवर निर्माण के साथ-साथ वैज्ञानिक ट्रैफिक मैनेजमेंट को भी प्राथमिकता दी जाए। उचित साइन बोर्ड, पर्याप्त रोशनी और सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि दुर्घटनाओं की संभावना न्यूनतम हो सके।

## खबर संक्षेप

### एमडीयू ने घोषित किए परीक्षा परिणाम

**रोहतक।** महर्षि दयानन्द यूनिवर्सिटी ने दिसंबर 2025 में आयोजित परीक्षाओं एमए (पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन) पांच वर्षीय एकीकृत पाठ्यक्रम के पांचवें सेमेस्टर (एनईपी, केवल नियमित विद्यार्थियों के लिए), एमए हिंदी एनईपी के तीसरे सेमेस्टर फ्रेश और चौथे सेमेस्टर री-अपीयर तथा एमए (जर्नलिज्म एवं जनसंचार) तीसरे सेमेस्टर (एनईपी , केवल नियमित विद्यार्थियों के लिए) के परिणाम घोषित कर दिए हैं।

### निंदाना पशु अस्पताल के कर्मी के खिलाफ शिकायत

**महम।** निंदाना गांव के पशु अस्पताल में कार्यरत एक कर्मचारी एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। इस वायरल वीडियो में पशु अस्पताल कर्मी गांव निंदाना की बहु बेटियों के बारे में अश्लील बातें बोल रहा है। इस संबंध में नहरा खाप के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप नहरा ने महम थाने में एक शिकायत दी है। कर्मचारी की इस हरकत को लेकर पशु पालन विभाग के उच्च अधिकारियों से मुलाकात कर उसको नौकरी से बर्खास्त किए जाने की मांग की जाएगी।

### चिड़ी हत्या केसः तीसरा आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक ।** गांव चिड़ी में कृष्ण की हत्या के मामले में पुलिस ने तीसरे आरोपी नरेश को गिरफ्तार कर लिया है, जो वारदात के बाद फरार था। घटना 12 मार्च की है, जब आरोपियों ने रास्ता रोककर कृष्ण पर लाठी-डंडों से हमला किया था, जिससे उसकी मौत हो गई। इससे पहले दो आरोपी मंजीत और अनिरुद्ध गिरफ्तार होकर जेल में हैं। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## जिला प्रशासन का अलर्ट, नकली इंजेक्शन की सूची भी जारी की

**सस्ती दवा के लालच में न फंसे लोग**

# अब रोहतक पहुंचा असली रैपर-नकली दवा का 'डर'

- ये इंजेक्शन वजन घटाने के आते हैं काम, शुगर भी करते हैं कंट्रोल
- डॉक्टर्स व आम लोगों को मोनजेरो इंजेक्शन के बैच नंबर दिए, सूचना दें
- ऑनलाइन प्लेटफॉर्म भी बन रहे खतरे का जरिया

मनोज वर्मा ▶▶| रोहतक


एआई जेनरेटेड फोटो

अलग खबर

सावधान! कहीं आप भी नकली दवा तो नहीं खा रहे। इन दिनों असली रैपर में नकली दवा का धंधा चरम पर है। अब यह 'डर' रोहतक पहुंच चुका है। खरीदने से पहले पहचान कर लें कि दवा असली है या नकली। नकली दवाओं का नेटवर्क रडार पर है। इसे देखते हुए रोहतक में ड्रग कंट्रोलर ने अलर्ट जारी कर दिया है। दरअसल, पिछले दिनों गुरुग्राम में वजन कम करने के नकली इंजेक्शन की खेप मिलने के बाद, स्वास्थ्य विभाग एक्शन में है। सभी सरकारी व प्राइवेट डॉक्टर्स, आईएमए, हॉलसेल केमिस्ट एसोसएशन, मेडिकल स्टोर संचालकों को सचेत किया है और पत्र लिखकर नकली मोनजेरो इंजेक्शन के बैच नंबर भी बताए हैं। यह इंजेक्शन वजन और शुगर कंट्रोल करने के काम आता है। इसलिए इसे पतला होने के लिए उपयोग में लाया जाता है।

### ऐसे करें असली-नकली की पहचान

- रैपर खोलकर दवा हाथ में लें, अगर दवा रंग छोड़ती है तो नकली है।
- दवा हाथ में लेने के बाद भुरभुरा सी जाती है तो यह भी नकली है
- पैकिंग साफ-सुथरी और अच्छी क्वालिटी की नहीं होती।
- स्पेलिंग मिस्टेक, हल्का प्रिंट या धुंधली जानकारी दिखे तो नकली।
- रैपर पर कई बार कंपनी का लोगो और डिजाइन सही नहीं होता।
- कई कंपनियां क्यूआर कोड देती हैं, मोबाइल से स्कैन करके जानकारी लें।
- बहुत ज्यादा सस्ती दवा मिलने पर सावधान रहें।
- गोली बहुत ज्यादा नरम, चिपचिपी या टूटने वाली हो तो न लें।

### जानलेवा है नकली दवा

- गंभीर मामलों में नकली दवा जानलेवा हो सकती है, खासकर हार्ट, शुगर या इंफेक्शन की।
- दवा लेते रहते हैं, लेकिन फायदा नहीं होता, मतलब असली इलाज ही नहीं मिल रहा।
- नकली दवा से उल्टी, चक्कर, एलर्जी और शरीर के अंगों को नुकसान हो सकता है।
- नकली एंटीबायोटिक से बैक्टीरिया मजबूत होतें हैं, आगे चलकर असली दवा भी असर नहीं करती इसे रेजिस्टेंस कहते हैं।

### शिकायत नहीं करते कंपनी वाले

कुछ समय पहले रोहतक में नकली दवाएं पकड़ी गई थी। शुरू में कुछ लोग पकड़े गए बाद में चेन जुड़ती गई तो पता चला कि ये नकली दवाएं पुडूचेरी में बन रही थी। वहां से रोहतक सप्लाई हुई। सबसे बड़ी समस्या यह है कि किसी प्रसिद्ध दवा कंपनी के नाम वाली नकली दवा पकड़ी भी जाती है तो कंपनी वाले सामने नहीं आते, शिकायत नहीं करते। इसका कारण है दवा कंपनी का नाम खराब होना और बिक्री गिरना।

खबर देखने के लिए क्यूआर स्कैन करें

### ये बैच नंबर जारी, अलर्ट रहें

- क्विक पैन 10 एमजी: बैच नंबर: डी 949702
- क्विक पैन 2.5 एमजी : बैच नंबर: डी 924668
- क्विक पैन 7.5 एमजी : बैच नंबर: डी 938368
- क्विक पैन 5 एमजी : बैच नंबर: डी 928027
- क्विक पैन 12.5 एमजी : बैच नंबर: डी 894806
- क्विक पैन 15 एमजी : बैच नंबर: डी 949932

### चीन और रूस से आते हैं रॉ ड्रग

रॉ ड्रग का सबसे बड़ा नेटवर्क चीन और रूस से फैला है। नकली दवा बनाने वाले वहीं से रॉ ड्रग मंगाते हैं और यहां छोटे, अवैध लैब या फैक्ट्रियों में इन्हें तैयार करते हैं। असली दवा जैसा रंग, आकार और पैकिंग कॉपी किया जाता है। नकली दवा बेचने वालों का नेटवर्क सस्ती दवा खरीदने वालों को निशाना बनाता है। ये लोग असली दवा सप्लाई चेन में घुस जाते हैं, थोक दवा बाजार या छोटे डिस्ट्रीब्यूटर को सस्ती कीमत में माल देते हैं। कई बार असली और नकली दवा को मिलाकर बेचा जाता है। सस्ती दवाओं को महंगी ब्रांडेड दवा के नाम से पैक कर दिया जाता है। इसके अलावा, ग्रामीण इलाकों में या बिना लाइसेंस वाले दुकानदारों के जरिए यह नेटवर्क ज्यादा फैलता है। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर भी नकली दवा बेची जाती है।

### इसलिए सतर्क रहें

मोनजेरो इंजेक्शन को पिछले साल 2025 में भारत में सप्लाई की मंजूरी मिली थी। यह इटली की कंपनी का इंजेक्शन है। बाजार में इसकी डिमांड भी बहुत है। वजन कम करने वाले और शुगर के मरीज इसे उपयोग करते हैं। एक महीने में करीब 15 से 16 हजार रुपये के इंजेक्शन लगवाने पड़ते हैं।

### ऑनलाइन बिक रहीं एक्सपायरी दवाएं

लोगों ऑनलाइन दवाएं खरीदने से हमेशा बचना चाहिए, क्योंकि यहां दवाओं की एक्सपायरी डेट हटाकर या मिटाकर नकली एक्सपायरी डेट मिल दी जाती है। कई प्लेटफॉर्म बिना डॉक्टर की पर्ची के दवा दे देते हैं, इससे गलत दवा लेने का खतरा बढ़ता है। ऑनलाइन ऑर्डर में गलती हो सकती है, नाम मिलता-जुलता होने पर गलत दवा आ सकती है। कुछ दवाओं को खास तापमान में रखना जरूरी होता है, इसलिए भी ऑनलाइन का भरोसा नहीं किया जा सकता।

### जल्द छापेमारी करेंगे



नकली दवाओं के नेटवर्क पर नजरें रखी जा रही हैं। फिलहाल सभी डॉक्टर्स को मोनजेरो इंजेक्शन के बारे में अलर्ट जारी किया गया है। जल्द छापेमारी की जाएगी। दोषियों को सख्त सजा दिलवाई जाएगी। शहर में कहीं भी नकली दवा मिलती है तो हमें इसकी जानकारी दें हम तुरन्त एक्शन लेंगे। **-डॉ. मनदीप मान, ड्रग कंट्रोल ऑफिसर, रोहतक।**

**'हांफी' व्यवस्था, छुड़ाए लोगों के साथ निगम के पसीने**

# दो दिन में दोगुनी हुई बिजली की डिमांड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

अप्रैल की चढ़ती गर्मी ने इस बार समय से पहले ही तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं और इसके साथ ही जिले की बिजली व्यवस्था भी हांफती नजर आ रही है। हालात यह हैं कि जैसे-जैसे तापमान बढ़ रहा है, वैसे-वैसे बिजली की मांग भी तेजी से उछाल मार रही है। कुछ ही दिनों में बिजली की डिमांड लगभग दोगुनी हो गई है, जिससे बिजली निगम के पसीने छूट गए हैं। शहर हो या गांव हर जगह अघोषित कटौती ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। सुबह का सुकून भी अब बिजली कट के साथ टूटने लगा है। शहर में सुबह पांच-छह बजे से ही बिजली के कट लगने शुरू हो जाते हैं।

### निगम को बड़ी चुनौती

बिजली निगम के आंकड़ों पर नजर डालें तो तस्वीर और भी चिंताजनक नजर आती है। अप्रैल की शुरुआत में जहां रोजाना 35 से 40 लाख यूनिट बिजली की मांग थी, वहीं अब यह बढ़कर 40 से 70 लाख यूनिट प्रतिदिन तक पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। महज दस दिनों के भीतर ही डिमांड में इतना बड़ा उछाल बिजली निगम के लिए बड़ी चुनौती बन गया है।

### मई, जून और जुलाई में मांग 90 से 110 लाख

बिजली निगम के अधिकारियों की चिंता इस बात को लेकर और बढ़ गई है कि यदि जल्द ही मौसम ने करवट नहीं ली और बारिश नहीं हुई, तो आने वाले महीनों में स्थिति और गंभीर हो सकती है। अनुमान है कि मई, जून और जुलाई में बिजली की मांग 90 से 110 लाख यूनिट प्रतिदिन तक पहुंच सकती है। ऐसे में इतनी बड़ी मांग को पूरा करना निगम के लिए आसान नहीं होगा।

### आज यहां लगेंगे बिजली कट

- सुबह 7 से 11 बजे तक छोटू राम नगर, हनुमान कॉलोनी, सुखपुरा चौक, राजेंद्र नगर, प्रवेश नगर, सूर्य नगर, गोहाना रोड
- सुबह 9:30 से दोपहर 12:30 बजे तक सेक्टर-2

### आंकड़ों में डिमांड

- अप्रैल की शुरुआत: 35-40 लाख यूनिट प्रतिदिन
- अप्रैल के अंत तक अनुमान: 40-70 लाख यूनिट प्रतिदिन
- महज 10 दिनों में डिमांड दोगुनी मई-जून में 90-110 लाख यूनिट तक पहुंचने की आशंका

**क्यों बिगड़ रही स्थिति**
- बढ़ता तापमान और हीट वेव -कूलर, एसी और पंखों का अधिक इस्तेमाल
- ट्रांसफार्मरों पर बढ़ता लोड
- ओवरलोडिंग से फॉल्ट व कटौती

**निगम की चिंता और अपील**
- डिमांड लगातार बढ़ने से बढ़ी चिंता
- बारिश न होने पर हालात होंगे और खराब
- ओवरलोड से बचने को कटौती
- उपभोक्ताओं से बिजली बचाने की अपील
- पीक टाइम में संयम से करें उपयोग

### गर्मी में ट्रांसफार्मर ओवरलोड से कटौती



बढ़ते तापमान से ट्रांसफार्मर गर्म हो रहे हैं और बिजली की मांग बढ़ने से ओवरलोड की स्थिति बन रही है। इसके चलते मजबूरन कटौती करनी पड़ रही है। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि वे बिजली की खपत कम करें, ताकि व्यवस्था सुचारु बनी रह सके। **-बिजेंद्र नरवाल एसई बिजली निगम**

# पॉलिटेक्निक एडमिशन शुरू 18 तक कर सकते हैं आवेदन

- 10वीं पास के लिए 18 मई, 12वीं आईटीआई के लिए 14 मई अंतिम तिथि, 20 मई को पहली मेरिट सूची, 21 से काउंसलिंग प्रक्रिया शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

तकनीकी शिक्षा विभाग हरियाणा ने राज्य के सरकारी पॉलिटेक्निक संस्थानों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए दाखिले की प्रक्रिया शुरू हो गई है। विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, तीन वर्षीय डिप्लोमा इंजीनियरिंग और लेटरल एंट्री (सीधे द्वितीय वर्ष में प्रवेश) के लिए ऑनलाइन आवेदन पोर्टल खोल दिया गया है। रोहतक जिले के प्रमुख संस्थानों मातूराम आर्य गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक, दीनबंधु सर छोटूराम गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक,वैश्य पॉलिटेक्निक और गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक महम में विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं।

डिप्लोमा इंजीनियरिंग (10वीं पास) के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 18 मई निर्धारित की गई है, जबकि लेटरल एंट्री स्कीम (12वीं/आईटीआई पास) के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 14 मई है। आवेदन पूरी तरह ऑनलाइन होंगे। 20 मई को पहली मेरिट सूची जारी की जाएगी, जिसके बाद 21 से 25 मई तक प्रथम चरण की काउंसलिंग आयोजित होगी। द्वितीय चरण की काउंसलिंग 2 जून से 4 जून के बीच चलेगी। 14 अगस्त तक दाखिला प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी और इसी दिन से नियमित कक्षाएं शुरू कर दी जाएंगी। प्रमुख ट्रेड में मैकेनिकल इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन और ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग शामिल है। संस्थानों में छात्रों के मार्गदर्शन के लिए हेल्प डेस्क स्थापित किए गए हैं। 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम आने के बाद आवेदनों की संख्या में बड़ा उछाल आने की उम्मीद है, इसलिए संस्थान स्तर पर विशेष काउंसलिंग सत्र भी आयोजित किए जा रहे हैं।

**जागरूकता** | भारत में 90 फीसदी से ज्यादा लोग मुंह संबंधी समस्याओं से परेशान

**वॉकथॉन को प्राचार्या डॉ. मनु राठी ने झंडी दिखाकर किया रवाना**

# दिन में दो बार करें ब्रश, स्वस्थ रहेंगे दांत और मसूड़े नहीं होगा पायरिया, हर छह माह में करवाएं जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

अगर आपके मुंह से बदबू आ रही है, कैविटी हो गई है या पायरिया है तो आप भी समस्याओं से समस्या से ग्रस्त हो सकते हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में करीब 90 प्रतिशत लोग मुंह से संबंधित बीमारियों की चपेट में हैं, इनमें दांतों में खून आना, पायरिया, सड़न, ठंडा गर्म लगना, जीभ पर परत जमना और सांस में बदबू आना जैसी समस्याएं हो जाती हैं। इसलिए जरूरी है कि दिन में दो बार ब्रश करें, छह माह में डॉक्टर से जांच करवाएं तभी आपका मुंह ठीक रहेगा। वहीं, इन समस्याओं से बचने के लिए जागरुकता भी जरूरी है। यह बात दंत विभाग के चिकित्सकों ने गुरुवार को वॉकथान के दौरान कही। जिसका आयोजन पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज में 'विश्व मौखिक स्वास्थ्य माह' के तहत किया गया। पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को मुंह के स्वास्थ्य और ओरल हाइजीन के प्रति जागरूक करना था।

वॉकथॉन को संस्थान की प्राचार्या डॉ मनु राठी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर फैकल्टी मेंबर्स, रेजिडेंट डॉक्टर, बीडीएस के सैकड़ों विद्यार्थियों ने हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर हिस्सा लिया। 'स्वस्थ मुंह, स्वस्थ जीवन', 'ब्रश दो बार, मुस्कान हर बार' और 'तंबाकू को कहें ना' जैसे नारों से पूरा परिसर गूंज उठा। डॉ मनु राठी ने वॉकथॉन को संबोधित करते हुए कहा कि मुंह हमारे शरीर का दर्पण है। ओरल हेल्थ को नजरअंदाज करना कई गंभीर बीमारियों को न्योता देना है। ओरल हेल्थ अवेयरनेस मंथ के तहत हमारा प्रयास है कि यह संदेश हर घर तक पहुंचे। सिर्फ अप्रैल में ही नहीं, बल्कि साल के 12 महीने मुंह की साफ-सफाई हमारी आदत में शामिल होनी चाहिए। इस महीने के दौरान संस्थान द्वारा नुक्कड़ नाटक, स्कूल हेल्थ कैंप, निःशुल्क जांच शिविर और जनजागरूकता व्याख्यान जैसी कई गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग के अध्यक्ष डॉ मंजूनाथ ने बताया कि वॉकथॉन के माध्यम से छात्रों ने आम लोगों को बताया कि मुंह का कैंसर, पायरिया और कैविटी जैसी बीमारियों से सही समय पर सावधानी बरतकर बचा जा सकता है।



रोहतक। वॉकथॉन को झंडी दिखाकर रवाना करते संस्थान की प्राचार्या डॉ. मनु राठी।

### ओरल हाइजीन की शपथ दिलाई

कार्यक्रम के अंत में प्राचार्या डॉ मनु राठी ने सभी प्रतिभागियों और उपस्थित लोगों को ओरल हाइजीन की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि पीजीआईडीएस रोहतक न केवल इलाज, बल्कि प्रिवेंटिव हेल्थकेयर के क्षेत्र में भी अग्रणी भूमिका निभाता रहेगा।

### क्या है पायरिया

मसूड़ों और दांतों की हड्डी का एक गंभीर बैक्टीरियल संक्रमण है, जो खराब ओरल हाइजीन के कारण होता है। इसमें मसूड़ों से खून आना, मवाद बनना, बदबू आना और दांतों का हिलना आम है, जो इलाज न कराने पर दांत गिरने का कारण बन सकता है। इसे पीरियोडोंटाइटिस भी कहा जाता है।

### कैविटी क्या है

दांतों में होने वाली सड़न के कारण बनने वाले छोटे-छोटे छेद या गड्ढे हैं। यह तब होती है जब मुंह में बैक्टीरिया, चीनी और स्टार्च युक्त भोजन के साथ मिलकर एसिड बनाते हैं, जो दांतों की सुरक्षात्मक परत को नष्ट कर देते हैं। इन्हें डेंटल कैरीज भी कहा जाता है और सही समय पर इलाज न कराने पर यह दर्द और संक्रमण का कारण बन सकती हैं।

### मुंह का कैंसर

मुंह के ऊतकों (होंठ, जीभ, मसूड़े, गालों के अंदर) में होने वाली एक गंभीर बीमारी है, जिसके प्रमुख कारण तंबाकू, धूम्रपान और शराब का सेवन हैं। दो सप्ताह से अधिक न ठीक होने वाला अल्सर/घाव, लगातार दर्द, या सफेद/लाल धब्बे इसके सामान्य लक्षण हैं। इलाज में मुख्य रूप से सर्जरी, रेडिएशन थेरेपी और कीमोथेरेपी का उपयोग होता है, और शुरुआती चरण में पता चलने पर यह ठीक हो सकता है।

**खबर संक्षेप**



## करियर एवं कौशल विकास विषय पर हुई वर्कशॉप

**महम।** राजकीय महाविद्यालय महम में प्लेसमेंट सेल द्वारा करियर एवं कौशल विकास नामक विषय पर एक दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन किया गया। वर्कशॉप में गवर्नमेंट कॉलेज सांपला के एसोसिएट प्रोफेसर दीपक लठवाल ने बतौर रिसॉर्स पर्सन भाग लिया। उन्होंने छात्र छात्राओं को करियर संबंधित मार्गदर्शन किया और रोजगार हासिल करने को लेकर महत्वपूर्ण टिप्स दिए। कौशल विकसित करने के लिए प्रेरित किया। प्लेसमेंट सेल इंचार्ज डॉ. सुनील कुमारी ने विद्यार्थियों से कहा कि जीवन में किसी न किसी प्रकार का हुनर जरूर सीखना चाहिए।

## एचपीवी टीकाकरण से मिलेगा मुफ्त सुरक्षा कवच



**रोहतक।** महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल को गति देते हुए हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने वीरवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एचपीवी टीकाकरण अभियान की समीक्षा की। इस दौरान उपायुक्त सचिन गुप्ता ने इसे बालिकाओं के स्वास्थ्य के लिए "बीमा कवच" बताते हुए कहा कि सही उम्र में लगाया गया यह टीका भविष्य में गंभीर बीमारी से बचाव का मजबूत आधार बनता है। 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की पात्र बालिकाओं को ह्यूमन पैपिलोमा वायरस वैक्सीन की सिंगल डोज पूरी तरह निःशुल्क दी जाएगी।

## लालनाथ कॉलेज में हुआ स्वास्थ्य जागरूकता पर इंटरेक्टिव सेशन



**रोहतक।** श्री लालनाथ हिंदू महाविद्यालय में महिला स्वास्थ्य पर इंटरेक्टिव सेशन का आयोजन किया। मुख्य वक्ता डॉ. शीनी शर्मा, सीनियर कंसल्टेंट अथर्व आयुर्वेदिक मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रोहतक रहे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. संजीव मदान, फाउंडर एवं एमडी अथर्व आयुर्वेदिक मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल रहे। प्राचार्य डॉ. अनिल तनेजा ने अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ महिला स्वस्थ परिवार व समाज का आधार होती है।

## राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस आज

**रोहतक।** हरियाणा में 24 अप्रैल को मनाए जाने वाले राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस को लेकर तैयारियां हैं। विभाग के निर्देशों के अनुसार, इस दिन जिला, ब्लॉक और ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उत्कृष्ट कार्य करने वाली पंचायतों को सम्मानित किया जाएगा, जिससे प्रतिस्पर्धा और नवाचार को बढ़ावा मिले। साथ ही ग्राम सभाओं का आयोजन अनिवार्य किया गया है, जिनमें अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया है।

---

- मानसून सिर पर: अधूरा ड्रेनेज प्रोजेक्ट व मिट्टी से जाम नाले बड़ा संकट
- जलभराव का खतरा, ढाई करोड़ की स्टॉर्म वाटर लाइन अभी तक अधूरी
- लोग बोले- हर बारिश में झेलनी पड़ती है परेशानी...स्थायी समाधान जरूरी

# तैयार रहें बड़ी मुसीबत के लिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक





फाइल फोटो

अलग खबर

शहर के सेक्टर-1 और आसपास के इलाकों में जल निकासी व्यवस्था बदहाल होती जा रही है। छोटूराम चौक के नजदीक मस्तनाथ स्कूल के पास बना नाला इसकी एक बड़ी मिसाल है। करीब तीन फीट गहरे इस नाले में लगभग दो फीट तक मिट्टी जमा हो चुकी है, जिससे पानी का बहाव बाधित हो रहा है। ऐसे में हल्की बारिश भी जलभराव की स्थिति पैदा कर देती है। स्थानीय निवासी राजेश कुमार बताते हैं कि नाले की सफाई लंबे समय से नहीं हुई है। ऊपर से देखने पर लगता है कि नाला है, लेकिन अंदर मिट्टी इतनी भर चुकी है कि पानी रुक जाता है। बारिश के समय आने-जाने में काफी दिक्कत होती है।" उनका कहना है कि कई बार इस समस्या की शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकला। स्थानीय लोगों की मांग है कि प्रशासन को जल्द से जल्द अधूरे पड़े प्रोजेक्ट को पूरा करना चाहिए और नालों की नियमित सफाई सुनिश्चित करनी चाहिए। उनका कहना है कि हर साल बारिश में होने वाली परेशानी से बचने के लिए स्थायी समाधान जरूरी है, अन्यथा हालात और बिगड़ सकते हैं।

### सेक्टर-1 में स्ट्रॉम वाटर लाइन प्रोजेक्ट अधूरा

दूसरी ओर, नगर निगम द्वारा 2025 में करीब ढाई करोड़ रुपये का टेंडर जारी कर सेक्टर-1 में नई स्ट्रॉम वाटर लाइन बिछाने की योजना बनाई गई थी। यह लाइन एचएसवीपी प्रशासक कार्यालय से लेकर ताऊ देवीलाल पार्क तक डाली जानी थी, क्योंकि पुरानी लाइन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी है। लेकिन हैरानी की बात यह है कि इतना बड़ा प्रोजेक्ट अभी तक अधूरा पड़ा हुआ है।

### 11 डिस्पोजलों से होती है जल निकासी

शहर में जल निकासी के लिए कुल 11 डिस्पोजल प्वाइंट बनाए गए हैं, जिनमें पीरबोधी, अनाज मंडी और अप्पूघर प्रमुख हैं। इन बड़े डिस्पोजल केंद्रों पर आठ-आठ मोटरें लगाई गई हैं, जिनके संचालन के लिए हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत 76 कर्मचारी तैनात हैं। इसके अलावा अन्य छोटे डिस्पोजल प्वाइंट्स पर दो-दो मोटरों के जरिए पानी निकाला जाता है।

### यहां-यहां होता है बारिश में जलभराव

शहर के गोहाना रोड, सुखपुरा चौक, मेडिकल मोड़, एमडीयू के सामने, आकाशवाणी के पास, प्रेमनगर, सुभाष रोड, सेक्टर दो-तीन, सोनीपत रोड, मानसरोवर कॉलोनी, शीला बाईपास, माता दरवाजा रोड, गोकर्ण डेरे के पास, जनता कॉलोनी, वैश्य कॉलेज रोड, कन्हेली रोड, बजरंग भवन, हाउसिंग बोर्ड, चिन्योट कॉलोनी, तिलक नगर, हिसार रोड, सुनारिया, अग्रसेन चौक, रेलवे व किला रोड, कृष्णा कॉलोनी, जींद बाईपास पर जलभराव होता है।

### लोगों ने उठाई समाधान की मांग

**जल्द करवाया जाए सफाई कार्य**



जब तक नालों का निर्माण दोबारा से नहीं करवाया जाएगा। तब तक यह समस्या ज्यों की त्यों बनी रहेगी। अभी से नालों की सफाई होना जरूरी, मानसून सिर पर है, दो माह बाद ही आने वाला है। जल्द सफाई कार्य करवाया जाए। **-मनीष कुमार**

**सीवर से अधिकतर पानी की निकासी**



करीब 70 प्रतिशत पानी की निकासी सीवर सिस्टम के माध्यम से ही की जाती है, जो पहले से ही दबाव में है। ऐसे में जब नालों की सफाई नहीं होती और स्ट्रॉम वाटर प्रोजेक्ट अधूरा रह जाता है, तो सीवर पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है और जलभराव की समस्या और गंभीर हो जाती है। **-मुकेश**

### तैयारियां शुरू

उपायुक्त सचिन गुप्ता के साथ भी इसी संबंध में बैठक हो चुकी है। अब की बारिश में जलभराव ना हो इसके लिए पूरी तैयारियां शुरू की जा रही है। अब की बार आमजन को बारिश में जलभराव का सामना ही नहीं करना पड़ेगा। बारिश ज्यादा होती है तो उसमें थोड़ा बहुत समय पानी निकालने में लग जाता है। लेकिन अब की बार हाई पावर की मोटरें लगाई गई है ऐसे में जलभराव नहीं होने दिया जाएगा।

**-शिवराज सिंह,**
अधीक्षण अभियंता, जनस्वास्थ्य व अभियांत्रिकी विभाग

---

# जिले में 2.48 लाख मीट्रिक टन से अधिक हुई गेहूं की खरीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिले की मंडियों में इस सीजन गेहूं खरीद ने तेज गति पकड़ ली है। उपायुक्त सचिन गुप्ता के अनुसार, अब तक जिले में 248502.64 मीट्रिक टन गेहूं और 2038.80 मीट्रिक टन सरसों की खरीद की जा चुकी है। सरकार द्वारा गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति क्विंटल और सरसों का 6200 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। खरीद प्रक्रिया को सुचारू बनाने के लिए अब तक 46639 गेट पास जारी किए जा चुके हैं। प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि वे अपनी फसल को अच्छी तरह सुखाकर और साफ करके ही मंडी में लेकर आएं, ताकि खरीद प्रक्रिया में किसी प्रकार की बाधा न आए। साथ ही फसल अवशेषों के उचित प्रबंधन पर भी जोर दिया गया है, जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ अगली फसल की तैयारी भी बेहतर हो सके।

### मंडी में ऐसी रही आवक

उपायुक्त ने बताया कि बुधवार तक खरीदे गए गेहूं में से 92122.65 मीट्रिक टन का उठान किया जा चुका है। विभिन्न मंडियों में खरीद का आंकड़ा भी उल्लेखनीय रहा है। कलानौर मंडी में 16598.70 मीट्रिक टन, काहनौर में 690 मीट्रिक टन, कलानौर साइलो में 1625 मीट्रिक टन, किलोई मंडी में 20763.20 मीट्रिक टन, लाखनमाजरा में 19426 मीट्रिक टन, मदीना मंडी में 13194.30 मीट्रिक टन, महम मंडी में 47671.40 मीट्रिक टन, रोहतक मंडी में 71033.50 मीट्रिक टन, सांपला मंडी में 34401.70 मीट्रिक टन, सांघी मंडी में 17048.54 मीट्रिक टन तथा फरमाणा खास में 6050.30 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद दर्ज की गई है।

### सरसों की खरीद जारी

सरसों की खरीद भी जारी है। अब तक 2034.30 मीट्रिक टन सरसों की खरीद हुई है, जिसमें रोहतक मंडी 1661.80 मीट्रिक टन के साथ अग्रणी रही। इसके अलावा कलानौर, महम और सांपला मंडियों में भी सरसों की आवक दर्ज की गई।जिला प्रशासन ने मंडियों में पेयजल, छाया, सफाई और सुरक्षा जैसी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की हैं।

## पूर्व मंत्री कृष्ण मूर्ति हुड्डा ने नई अनाज मंडी में गेहूं आवक का जायजा लिया



**रोहतक।** हरियाणा के पूर्व मंत्री कृष्ण मूर्ति हुड्डा ने नई अनाज मण्डी में गेहूं की आवक का जायजा लिया। उन्होंने बताया करीब 95 प्रतिशत गेहूं रोहतक की मण्डियों में आ चुका है। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को बधाई देते हुए कहा कि बगैर किसी परेशानी के किसानों ने अपनी फसल को बेच दिया है। किसान सरकार खरीद से सन्तुष्ट नजर आए। उन्होंने कहा कि सरकार को पोर्टल सिस्टम को सरल बनाना चाहिये ताकि किसान अपनी फसल को आसानी से बेच सके। उन्होंने मुख्यमंत्री से अपील की है कि वह गेंहु की फसल पर 50 रूपये पर क्विंटल किसानों को बोनस दे।

---

*भाजपा ने वार्ड-1 से रमेश देशवाल को बनाया उम्मीदवार*

# कहीं खुशी, कहीं गम: चेयरमैन व पार्षद प्रत्याशी सूची से बदले चुनावी समीकरण

**सांपला (हरिभूमि न्यूज)।** सांपला नगरपालिका चुनाव को लेकर भाजपा ने चेयरमैन के साथ-साथ पार्षद प्रत्याशियों की भी पूरी सूची जारी कर दी है, जिससे स्थानीय राजनीति में हलचल तेज हो गई है। पार्टी ने चेयरमैन पद के लिए पूर्व चेयरमैन प्रवीण कोच को अपना अधिकृत उम्मीदवार घोषित किया है। जारी सूची के अनुसार, वार्ड नंबर 1 से रमेश देशवाल, वार्ड 2 से हेमंत, वार्ड 3 से महेश बंसल, वार्ड 4 से कमल खटक, वार्ड 5 से संजय, वार्ड 6 से विकास, वार्ड 7 से अंजू धमीजा, वार्ड 8 से अजय, वार्ड 9 से अजीत ओहल्यान, वार्ड 10 से मीनाक्षी, वार्ड 11 से रविका को टिकट दिया गया है। वहीं वार्ड नंबर 12 का प्रत्याशी फिलहाल लंबित रखा गया है। इसके अलावा वार्ड 13 से सोनिया, वार्ड 14 से आशा, वार्ड 15 से अंजू शर्मा और वार्ड 16 से अश्वनी को उम्मीदवार बनाया गया है। सूची जारी होते ही "कहीं खुशी, कहीं गम" जैसे हालात देखने को मिल रहे हैं। जहां टिकट मिलने पर कई कार्यकर्ताओं और उनके समर्थकों में उत्साह है, वहीं कुछ दावेदारों के नाम सूची में शामिल न होने से नाराजगी भी सामने आ रही है। आने वाले दिनों में चुनाव और अधिक रोचक होने की संभावना है, जहां टिकट वितरण के बाद बदले समीकरण चुनावी परिणामों को प्रभावित कर सकते हैं।

### प्रवीन कोच आज करेंगे नामांकन

जानकारी के अनुसार आज प्रवीण कोच अपने समर्थकों के साथ पुरानी अनाज मंडी में एक जनसभा का आयोजन करेंगे, जिसमें बीजेपी के कई नेताओं के पहुंचने की संभावना है। इसके बाद वे जुलूस के रूप में तहसील परिसर पहुंचकर पार्टी नेताओं की उपस्थिति में अपना नामांकन दाखिल करेंगे।

## नपा चुनाव में नामांकन तेज शनिवार तक चलेगी प्रक्रिया

**सांपला।** नगरपालिका चुनाव को लेकर नामांकन प्रक्रिया ने जोर पकड़ लिया है और प्रशासन द्वारा तय कार्यक्रम के अनुसार यह प्रक्रिया शनिवार तक जारी रहेगी। गुरुवार को तहसील कार्यालय में दिनभर चुनावी हलचल देखने को मिली, जहां चेयरमैन पद के लिए 5 तथा पार्षद पद के लिए 9 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। चेयरमैन पद के लिए राकेश पुत्र लायक राम, अंकित पुत्र शमशेर सिंह, अनिल कुमार पुत्र सत्यनारायण, विकास पुत्र रोशन लाल और योगेश ओहल्याण पुत्र रोशन लाल ने पर्चा भरा। वहीं पार्षद पद के लिए वार्ड 01 से दीपक पुत्र राजवीर, वार्ड 02 से कृष्ण पुत्र रणधीर, वार्ड 04 से आशीष पुत्र राजरूप और प्रदीप पुत्र रामकिशन, वार्ड 07 से पिंकी पत्नी देव कुमार, वार्ड 12 से मनोज पुत्र महेंद्र सिंह, वार्ड 13 से आरती पत्नी जयवीर, वार्ड 14 से सुमन पत्नी अशोक तथा वार्ड 15 से रविंद्र सिंह ने नामांकन दाखिल किए।

# सांपला में बीजेपी का बड़ा दांव, प्रवीण कोच को उम्मीदवार बनाकर हुड्डा के गढ़ में लगाई सेंध

- पिछले नपा चुनाव में जीते थे कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांपला

नगरपालिका चुनाव को लेकर सांपला की राजनीति में इस समय बड़ा उलटफेर देखने को मिल रहा है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने चेयरमैन पद के लिए प्रवीण कोच को उम्मीदवार बनाकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के प्रभाव वाले क्षेत्र में मजबूत चुनौती पेश की है।

प्रवीण कोच का नाम सामने आते ही चुनावी मुकाबला रोचक हो गया है। वे स्वयं सांपला नगरपालिका के पूर्व चेयरमैन रह चुके हैं और क्षेत्र में उनकी मजबूत पकड़ मानी जाती है। कोच परिवार का इलाके में खासा प्रभाव है—उनके भाई देवेंद्र कोच, जो छात्र राजनीति में सक्रिय रहे थे और जोगेंद्र कोच, दोनों का भी सामाजिक व राजनीतिक प्रभाव क्षेत्र में मजबूत माना जाता है। राजनीतिक जानकारों के अनुसार, कोच परिवार का भाजपा के साथ आना कांग्रेस खेमे के लिए बड़ा झटका है। इसे सीधे तौर पर हुड्डा गुट की राजनीतिक जमीन पर असर डालने वाला कदम माना जा रहा है। गौरतलब है कि पिछले नगरपालिका चुनाव में कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार पूजा इंदोरा ने जीत हासिल कर चेयरमैन पद संभाला था। हालांकि बाद में वे भाजपा में शामिल हो गईं, जिससे स्थानीय राजनीति में समीकरण पहले ही बदल चुके थे।

### कांग्रेस व निर्दलीय प्रत्याशियों की राह मुश्किल

अब प्रवीण कोच को मैदान में उतारकर भाजपा ने अपनी स्थिति और मजबूत करने की कोशिश की है। माना जा रहा है कि इस बार कांग्रेस समर्थित और अन्य निर्दलीय उम्मीदवारो के लिए राह पहले के मुकाबले अधिक चुनौतीपूर्ण हो गई है। वहीं भाजपा इस चुनाव को अपनी बड़ी रणनीतिक बढ़त के रूप में देख रही है। फिलहाल सांपला नगरपालिका चुनाव में मुकाबला दिलचस्प हो गया है और सभी जीत के लिए पूरी ताकत झोंक रहे हैं।

---



## जॉन वेस्ले कॉन्वेंट स्कूल के नन्हे-मन्नों ने डिजिटल सेवाओं पर किया शैक्षणिक भ्रमण

**रोहतक।** जॉन वेस्ले कॉन्वेंट एवं गैलेक्सी विंग के बाल वाटिका के विद्यार्थियों के लिए एक ज्ञानवर्धक शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य बच्चों को व्यवहारिक ज्ञान देना और उन्हें आधुनिक तकनीकों से परिचित कराना रहा। कार्यक्रम में बाल वाटिका-1, बाल वाटिका-2 और बाल वाटिका-3 के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों को निजी सुपर स्टोर में ले जाया गया, जहां उन्होंने आधुनिक डिजिटल सेवाओं, स्मार्ट उपकरणों और तकनीकी नवाचारों के बारे में जानकारी प्राप्त की। बच्चों ने यहां सब्जियों, दालों, कपड़ों तथा खाद्य पदार्थों की विभिन्न श्रेणियों को देखा और उनके बारे में जाना। यह अनुभव बच्चों के लिए सीखने का एक रोचक और व्यावहारिक माध्यम बना। प्राचार्या डॉ. ममता मलिक ने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि बच्चों को वास्तविक जीवन से जोड़ना भी आवश्यक है। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के भ्रमण बच्चों में जिज्ञासा, आत्मविश्वास और समझ विकसित करने में सहायक होते हैं।

**नई अनाज मंडी में गेहूं उठान कार्य का लिया जायजा**

# सरकार ने किसानों के खाते में डाले 193 करोड़ रुपये : ग्रोवर

- अगर हुड्डा किसान हितैषी थे तो अपने कार्यकाल में किसानों को दो-दो रुपये के चेक क्यों बांटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



**रोहतक।** नई अनाज मंडी में गेहूं उठान के कार्य का जायजा लेने पहुंचे पूर्व शहरी निकाय राज्य मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर ,मार्केट कमेटी के चैयरमेन अशोक चौधरी, वाइस चेयरमैन सतीश गोयल व मंडी प्रधान सतीश शर्मा। फोटो : हरिभूमि

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष कुमार ग्रोवर ने कहा है कि रोहतक जिले की सभी आठ मंडियों में गेहूं उठान का कार्य पूरी गति पर हैं। अब तक किसानों के खाते में 193 करोड रुपए से अधिक की राशि सीधे उनके खाते में डाली जा चुकी है। किसान खुश हैं और विपक्ष के नेता दुखी हैं। वो बृहस्पतिवार शाम को नई अनाज मंडी में गेहूं उठान के कार्य का जायजा लेने पहुंचे थे। ग्रोवर ने कहा कि तीन प्रमुख एजेंसियां गेहूं की खरीद कर रही है, जिनमें हैफेड, हरियाणा स्टेट वेयरहाउस कॉरपोरेशन और फूड सप्लाई डिपार्टमेंट शामिल हैं। जिले में आठ मंडियां हैं, जहां किसान का गेहूं पहुंच रहा है। पूरा सिस्टम ऑनलाइन है और किसी भी तरह की कोई परेशानी नहीं आ रही है। उन्होंने कहा कि विपक्ष को हजम नहीं हो रहा है कि आज पूरी पारदर्शी तरीके से किसानों का अनाज खरीदा जा रहा है और उनके खाते में सीधी राशि डाली जा रही है। आज किसानों को अपनी राशि के लिए किसी के चक्कर नहीं काटने पड़ रहे हैं।

**सांपला नगर पालिका चुनाव**

# 25 अप्रैल तक नामांकन, अंतिम दिन तक बन सकता है नया वोट



**सांपला (हरिभूमि न्यूज)।** सांपला नगर पालिका के सामान्य चुनाव 2026 को लेकर नामांकन प्रक्रिया जारी है। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सचिन गुप्ता ने जानकारी दी कि 25 अप्रैल को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकते हैं, जबकि मतदान 10 मई को होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि जो पात्र व्यक्ति अब तक मतदाता सूची में शामिल नहीं हैं, वे भी अंतिम दिन तक अपना नया वोट बनवा सकते हैं। नामांकन के तीसरे दिन प्रधान पद के लिए 5 और वार्ड सदस्यों के लिए 9 नामांकन पत्र दाखिल हुए। अब तक कुल मिलाकर प्रधान पद के लिए 5 और सदस्यों के लिए 12 प्रत्याशी मैदान में उतर चुके हैं। प्रधान पद के उम्मीदवारों में राकेश कुमार, योगेश ओल्हाण, विकास, अंकित और अनिल कुमार शामिल हैं। वहीं वार्ड स्तर पर भी चुनावी हलचल तेज हो गई है। विभिन्न वार्डों से दीपक, कृष्ण, प्रदीप, अनीष, पिंकी देवी, मनोज कुमार, आरती, सुषमा और सोनिया ने नामांकन पत्र दाखिल किए। प्रधान पद के नामांकन एसडीएम कार्यालय में, जबकि वार्ड सदस्यों के नामांकन तहसीलदार न्यायालय में स्वीकार किए जा रहे हैं।

---

# मांगों को लेकर दमकल कर्मचारियों ने विधायक दांगी को सौंपा ज्ञापन

- हड़ताल के 16वें दिन सरकार के खिलाफ की जमकर नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महम




**महम।** विधायक बलराम दांगी को ज्ञापन सौंपते दमकल केंद्र महम के कर्मचारी।

आग बुझाते समय फरीदाबाद में दो फायरकर्मियों की मौत हो गई थी। उसके बाद दमकल कर्मचारियों ने सरकार से दोनों को शहीद का दर्जा देने और परिवार में एक परिजन को सरकारी नौकरी देने की मांग की थी। लेकिन उनकी यह मांग सरकार ने पूरी नहीं की। पिछले 16 दिन से प्रदेशभर में फायरकर्मी हड़ताल पर हैं। महम में भी कच्चे फायरकर्मी हड़ताल पर हैं। वीरवार को हड़ताल का 16वां दिन था। मांगों को लेकर फायर कर्मचारियों ने महम में विधायक बलराम दांगी को एक ज्ञापन सौंपा। इस दौरान दमकलकर्मियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सरकार के रवैये पर असंतोष जताते हुए कहा कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं हो जाती तब तक उनकी यह हड़ताल जारी रहेगी। इस दौरान सर्व कर्मचारी संघ के ब्लॉक प्रधान राजेंद्र डाबला, प्रदीप, संजय, नरेश, सोमबीर, शीलू, मंजीत, सत्यवान, सुनील, संदीप, सतीश आदि रहे।

**प्रत्येक शुक्रवार को समस्याओं के निपटारों की होती है समीक्षा**

# शिविरों में हर शिकायत पर समयबद्ध कार्रवाई हो: डीसी

**जनसमस्याओं के स्थाई समाधान के लिए प्रशासन ने स्थापित किया कॉलिंग सेल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक




रोहतक। लोगों को शिकायतें सुनते उपमंडलाधीश व जिला विकास अधिकारी।

प्रशासन ने जनसमस्याओं के समाधान को लेकर गति बढ़ा दी है। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि समाधान शिविरों में प्राप्त हर शिकायत का सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ तय समयसीमा में निपटारा सुनिश्चित किया जाए, ताकि नागरिकों को वास्तविक राहत मिल सके। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा नागरिकों की समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए कॉलिंग सेल भी स्थापित किया गया है, जो शिकायतों की मॉनिटरिंग और फॉलो-अप सुनिश्चित करेगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याओं का एक ही स्थान पर समाधान उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ये समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। डीसी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक सोमवार और वीरवार को जिला मुख्यालय व उपमंडल मुख्यालयों पर आयोजित शिविरों में आई शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निपटारा किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि समाधान शिविर केवल औपचारिकता न बनें, बल्कि लोगों के लिए भरोसे का मंच बनें, जहां उनकी बात सुनी भी जाए और उसका परिणाम भी दिखे।

### वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से हो रही निगरानी

मालूम रहे कि प्रशासन द्वारा इन शिविरों की प्रगति की नियमित समीक्षा की जा रही है। हरियाणा समाधान प्रकोष्ठ भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इनकी निगरानी कर रहा है, जबकि प्रत्येक शुक्रवार को शिकायतों के निपटारे की स्थिति की समीक्षा की जाती है। समाधान शिविरों का आयोजन सुबह 10 बजे से 12 बजे तक किया जा रहा है। लघु सचिवालय सभागार में आयोजित समाधान शिविर में उपमंडलाधीश आशीष कुमार, पुलिस उपाधीक्षक दलीप सिंह और जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं। अधिकारियों ने मौके पर मौजूद विभागीय प्रतिनिधियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का जल्द और संतोषजनक समाधान किया जाए तथा संबंधित नागरिकों को कार्रवाई की पूरी जानकारी भी दी जाए।

## एमडीयू की छात्रा का ऑस्ट्रेलिया की एडिलेड यूनिवर्सिटी में चयन

# गांव की मिट्टी से वैश्विक मंच तक पहुंची खेड़ी साध की लाडली वंशिका

### सौर ऊर्जा पर करेंगी 22 हजार डॉलर का प्रोजेक्ट विश्वविद्यालय और गांव के साथ प्रदेश और देश का मान भी बढ़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक।

महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी के फिजिक्स विभाग की 2023-25 बैच की होनहार छात्रा और निकटवर्ती गांव खेड़ी साध की रहने वाली वंशिका गहलावत ने सात समंदर पार अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। वंशिका का चयन ऑस्ट्रेलिया की प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी ऑफ एडिलेड के एक महत्वपूर्ण रिसर्च प्रोजेक्ट के लिए हुआ है। साधारण ग्रामीण परिवेश से निकलकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह उपलब्धि हासिल कर वंशिका ने न केवल एमडीयू और अपने गांव, बल्कि पूरे हरियाणा और देश का मान बढ़ाया है।



रोहतक। छात्रा वंशिका गहलावत को सम्मानित करते कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया। फोटो : हरिभूमि

### सौर पैनलों की दक्षता बढ़ाएगी वंशिका की क्वांटम तकनीक

वंशिका का यह रिसर्च प्रोजेक्ट सौर ऊर्जा के भविष्य को बदलने वाला साबित होगा। वे ड्यूरेबल क्वांटम-कटिंग कंपोजिट पर काम करेंगी। इस तकनीक का उद्देश्य उन सौर पैनलों की कार्यक्षमता बढ़ाना है, जो ट्रक, जहाज या विमान जैसे कठिन वातावरण में खराब हो जाते हैं। वंशिका एक ऐसी विशेष सुरक्षा परत विकसित करेंगी जो हानिकारक यूवी किरणों को बिजली में बदलने में मदद करेगी।

### ग्रामीण प्रतिभाओं के लिए नई राह खोलेगी बेटी की सफलता

इस शोध परियोजना की अनुमानित लागत लगभग 22 हजार डॉलर है, जिसकी व्यवस्था प्रतिस्पर्धात्मक अनुदानों से की जाएगी। परियोजना का मार्गदर्शन ऑस्ट्रेलिया की वैज्ञानिक प्रो. हाइके एबेंडॉर्फ-हाइडप्रियम करेंगे। परियोजना का औद्योगिक जुड़ाव प्राक्सिस लैब्स से भी है, जिससे तकनीकी विकास को बल मिलेगा। कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया ने छात्रा वंशिका गहलावत को इस वैश्विक सफलता पर बधाई और शुभकामनाएं दी। कुलपति ने कहा कि ग्रामीण पृष्ठभूमि से निकलकर अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचना वंशिका की कड़ी मेहनत का परिणाम है। यह विश्वविद्यालय और पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है, उन्होंने वंशिका की इस उपलब्धि को अन्य छात्रों के लिए प्रेरणादायी बताया। विशिष्ट विजिटिंग फैकल्टी प्रो. आर.पी. टंडन, वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. ए.एस. मान, प्रो. राजेश पुनिया, प्रो. सज्जन दहिया तथा प्रो. अनिल ओहल्याण ने वंशिका को इस सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। फिजिक्स विभाग के अध्यक्ष प्रो. एएस मान ने बताया कि वंशिका की यह सफलता एमडीयू समेत ग्रामीण प्रतिभाओं के लिए एक नई राह खोलेगी। फिजिक्स विभाग के 2023-25 बैच की छात्रा वंशिका गहलावत ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों को देते हुए कहा कि मेरा लक्ष्य विज्ञान के माध्यम से समाज की समस्याओं का समाधान करना है। एडिलेड यूनिवर्सिटी का यह प्रोजेक्ट मुझे अंतरराष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञों और आधुनिक प्रयोगशालाओं में सीखने का मौका देगा।

# बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में हुआ पृथ्वी संरक्षण पर जागरूकता कार्यक्रम



रोहतक। बाबा मस्तनाथ इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशनल ट्रेनिंग एंड रिसर्च, रोहतक में आयोजित पृथ्वी संरक्षण विषयक कार्यक्रम में पोस्टर प्रदर्शित करते प्रतिभागी एवं उपस्थित अतिथि। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बाबा मस्तनाथ इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशनल ट्रेनिंग एंड रिसर्च (एसबीएमएनआईईआर ) तथा शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के संयुक्त तत्वावधान में पृथ्वी संरक्षणः सतत विकास एवं पर्यावरणीय चेतना की अनिवार्यता विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रभावशाली पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता तथा एक ज्ञानवर्धक ऑनलाइन व्याख्यान आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो.(डॉ.) ऋषि गोयल, निदेशक स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज इन टीचर एजुकेशन तथा डॉ. राजेश सैनी, सैनी इंस्टीट्यूट ऑफ गर्ल्स एजुकेशन ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि पृथ्वी मानव जीवन का मूल आधार है, किंतु वर्तमान समय में अनियंत्रित औद्योगिकीकरण, तीव्र शहरीकरण तथा प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन के कारण पर्यावरणीय संतुलन गंभीर रूप से प्रभावित हो रहा है। वक्ताओं ने सतत विकास की अवधारणा पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि विकास का स्वरूप ऐसा होना चाहिए जो वर्तमान आवश्यकताओं की पूर्ति के साथ-साथ भविष्य की पीढ़ियों के संसाधनों की भी रक्षा कर सके। इस अवसर पर उपस्थित प्रो.(डॉ.) अरुणा अंचल ने सभी प्रतिभागियों को पृथ्वी संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संकल्प दिलाया।

कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. अर्चना द्वारा किया गया, जबकि डॉ. सीमा ने गायत्री मंत्र के उच्चारण से कार्यक्रम का आध्यात्मिक वातावरण सुदृढ़ किया। इस अवसर पर प्रो. ब्रह्मप्रकाश एवं डॉ. सोनिका ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास से डॉ. रोहताश, डॉ. शोभा, प्रो. देवी भूषण, डॉ. वेद प्रकाश, डॉ. बिहारी, डॉ. पोपली एवं डॉ. आर्य सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।



## रोहतक में 69वीं राष्ट्रीय स्कूल खेल क्रिकेट प्रतियोगिता 29 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिला शिक्षा विभाग द्वारा आगामी 69वीं राष्ट्रीय स्कूल खेल क्रिकेट गर्ल्स अंडर-17 प्रतियोगिता के सफल और सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर वीरवार को महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। स्थानीय वैश्य पब्लिक स्कूल में दोपहर 3 बजे आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी दिलजीत सिंह ने की, जबकि इसका आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी मंजीत मलिक के दिशा-निर्देशों के तहत किया गया। बैठक में शिक्षा विभाग के उच्चाधिकारियों सहित विभिन्न ब्लॉकों के खंड शिक्षा अधिकारियों ने शिरकत की। मीटिंग का मुख्य एजेंडा 29 अप्रैल से 3 मई तक चलने वाली इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता की तैयारियों को अंतिम रूप देना था। बैठक में खिलाड़ियों के ठहरने, भोजन, परिवहन, खेल मैदानों की स्थिति और सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। प्रतियोगिता को निर्बाध रूप से संपन्न कराने के लिए विभिन्न विशेष समितियों का गठन किया गया है।

## सांगवान इंटरनेशनल स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस हुईं स्पर्धाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सांगवान इंटरनेशनल स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस के पावन अवसर पर विद्यालय परिसर में अंतर-सदनीय इंग्लिश डिक्लेमेशन एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कक्षा चौथी से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इंग्लिश डिक्लेमेशन प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन तथा पृथ्वी के संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रभावशाली विचार प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में मॉनकेशा सदन प्रथम स्थान पर रहा, जबकि बत्रा सदन द्वितीय एवं अर्जन सदन तृतीय स्थान पर रहा। इस दौरान माही और अदिति के ओजस्वी एवं दमदार भाषणों ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया और खूब तालियां बटोरीं। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में समन्वयक सपना परमार, गतिविधि प्रबंधक विजय कुमार तथा अंग्रेजी अध्यापिका रितु चिकारा शामिल रहीं।





## नेशनल स्केटिंग में पठानिया स्कूल के मोक्षित ने जीता कांस्य पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गुड़गांव में फिटनेस राइड एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा फोर्थ नेशनल राइड चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में हरियाणा का नेतृत्व करते हुए पठानिया पब्लिक स्कूल के छात्र मोक्षित ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए कांस्य जीता।

मोक्षित की इस विशेष उपलब्धि पर स्कूल निदेशक अंशुल पठानिया ने बताया कि पठानिया स्कूल बच्चों को आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करता है और स्कूल सभी प्रकार की स्पोर्ट्स एक्टिविटी के लिए सुविधाएं मुहैया करवाता है। यही कारण है कि हमारे बच्चे स्कूली शिक्षा के साथ-साथ स्पोर्ट्स में भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। स्कूल को-फाउण्डर वर्षा पठानिया, प्रधानाचार्या तन्वी पठानिया, उपप्रधानाचार्य प्रीति ढांड़ा, सुनीता मोर, हैड मिस्ट्रेस सुमन राठी, मनदीप बुधवार एवं समस्त स्कूल स्टॉफ ने मोक्षित की इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दी।

## पाकस्मा के रक्तदान शिविर में एकत्र किया 46 यूनिट रक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गांव पाकस्मा में सामाजिक सरोकार का एक प्रेरणादायक उदाहरण देखने को मिला, जहां 23 अप्रैल को पीजीआईएमएस के सहयोग से रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में कुल 46 यूनिट रक्त एकत्र कर मानव सेवा का संदेश दिया गया। शिविर के संयोजक डॉ. विकास नरवाल ने बताया कि वर्ष 2014 से गांव पाकस्मा में लगातार रक्तदान शिविर लगाए जा रहे हैं और हर बार ग्रामीणों का उत्साह सराहनीय रहता है। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है और इससे जरूरतमंद मरीजों को जीवनदान मिलता है। कार्यक्रम की शुरुआत प्रवीण आर्य द्वारा यज्ञ के साथ हुई, जिसकी अध्यक्षता गांव के सरपंच जय भगवान ने की। इस दौरान पूरे गांव में सामाजिक एकता और सेवा भाव का माहौल देखने को मिला। बड़ी संख्या में ग्रामीणों, युवाओं और मातृ शक्ति ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।



### जिले टीमों के चयन के लिए ट्रायल 27 से, लाहली में दिखाएंगे दम

रोहतक। जिला क्रिकेट एसोसिएशन ने आगामी सत्र 2026-27 की अंतर-जिला प्रतियोगिताओं के लिए कमर कस ली है। रोहतक जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अवैतनिक अध्यक्ष बाल कृष्ण आहुजा ने बताया कि हरियाणा क्रिकेट एसोसिएशन (भिवानी) द्वारा आयोजित होने वाली अंडर-16, अंडर-19, अंडर-23 और सीनियर वर्ग की अंतर-जिला प्रतियोगिताओं के लिए जिले की टीम का चयन 27 अप्रैल से शुरू होगा। ये सभी ट्रायल लाहली स्थित चौधरी बंसी लाल क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित किए जाएंगे। सबसे पहले अंडर-16 वर्ग के लड़कों का ट्रायल 27 अप्रैल को सुबह 7 बजे होगा। इस वर्ग के लिए खिलाड़ी का जन्म 1 सितंबर 2010 से 31 अगस्त 2012 के बीच होना जरूरी है। इसके बाद 28 अप्रैल को अंडर-23 और सीनियर वर्ग के लिए खिलाड़ी अपनी प्रतिभा दिखाएंगे, जिसमें सीनियर वर्ग के लिए कोई आयु सीमा नहीं रखी गई है। अंडर-19 वर्ग का ट्रायल 3 मई को सुबह 7 बजे रखा गया है। इन ट्रायल्स में केवल वही खिलाड़ी भाग ले सकेंगे जो रोहतक जिले के स्थायी निवासी हैं, या जिनका जन्म रोहतक में हुआ है। इसके अलावा वे खिलाड़ी भी योग्य माने जाएंगे जो पिछले दो सालों से रोहतक के किसी संस्थान में पढ़ाई कर रहे हैं।

## संतोष कैंसर फाउंडेशन ने सैंपल में लगाया मुफ्त कैंसर जांच व श्रवण मूल्यांकन शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

संतोष कैंसर फाउंडेशन द्वारा बहरापन और कैंसर-मुक्त हरियाणा के उद्देश्य के तहत सैंपल गांव में एक व्यापक निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में कैंसर, श्रवण हानि तथा अन्य गैर-संचारी रोगों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और समय पर जांच एवं उपचार को प्रोत्साहित करना रहा। शिविर में ईएनटी (कान, नाक एवं गला) परामर्श, हड्डी रोग विशेषज्ञ द्वारा जांच, सामान्य चिकित्सक परामर्श, रक्त शर्करा जांच तथा ऑडियोमेट्री के माध्यम से श्रवण क्षमता का परीक्षण किया गया। साथ ही मरीजों को निशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया। यह शिविर प्रसिद्ध कैंसर सर्जन डॉ. भूषण कथूरिया एवं उनकी टीम के सहयोग से सफलतापूर्वक आयोजित किया गया, जिसमें



ईएनटी सर्जन, ऑडियोलॉजिस्ट एवं अन्य चिकित्सा विशेषज्ञों ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता सुशील गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कहा कि कैंसर के प्रति जागरूकता, श्रवण हानि की रोकथाम तथा समय रहते जांच और उपचार के महत्व पर प्रकाश डाला। ऐसी पहलें समाज को स्वस्थ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

इस अवसर पर गांव की आशा वर्कर्स एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

## पृथ्वी दिवस पर चित्रकला, मैराथन व नुक्कड़ नाटक से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम का गुरुवार को समापन हुआ। स्पोर्ट्स इंचार्ज डॉ विपिन घरसा के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने दीवार चित्रकला, मैराथन और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम स्थल पर छात्रों द्वारा बनाई गई आकर्षक वॉल पेंटिंग विशेष आकर्षण का केंद्र रही। 'अर्थ डे - 22 अप्रैल' थीम पर बनी इस पेंटिंग में एक ओर हरियाली, वन्यजीव और नीला आकाश दिखाया गया, तो दूसरी ओर प्रदूषण और सूखे पेड़ों से धरती का दर्द उकेरा गया।

कुलपति डॉ एचके अग्रवाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि विश्व पृथ्वी दिवस पर 3 दिवसीय कार्यक्रम का सफल आयोजन कर डॉ विपिन घरसा और सभी विद्यार्थियों ने सराहनीय कार्य किया है। चिकित्सा के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों से जुड़ना ही एक अच्छे डॉक्टर की पहचान है।

### विज्ञान पाठ्यक्रमों के विस्तार के लिए एमडीयू की टीम ने किया दौरा

रोहतक। राजकीय महिला महाविद्यालय लाखन माजरा में वीरवार को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) की उच्च स्तरीय निरीक्षण टीम ने दौरा किया। इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए बी.एससी. (लाइफ साइंस) तृतीय वर्ष में 20 सीटों की वृद्धि हेतु अनंतिम संबद्धता के विस्तार और प्रथम व द्वितीय वर्ष के कार्यक्रमों की निरंतरता की समीक्षा करना था। विश्वविद्यालय द्वारा गठित इस टीम का नेतृत्व वनस्पति विज्ञान विभाग के प्रो. सुरेंद्र यादव ने किया, जिसमें उनके साथ सदस्य के रूप में वनस्पति विज्ञान विभाग से प्रो. आशा शर्मा और प्राणी विज्ञान विभाग से डॉ. सुधीर कटारिया शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान कॉलेज की प्राचार्या डॉ. इंदु सपरा ने डॉ. अनीता आमनी, रजिस्ट्रार डॉ. अंजली मान, बर्सर डॉ. एस.पी. किरार और समन्वयक सोनाली के साथ टीम का स्वागत किया। इस अवसर पर विज्ञान संकाय के सभी प्राध्यापक भी उपस्थित रहे। निरीक्षण दल ने कॉलेज के वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान और प्राणी विज्ञान विभागों की प्रयोगशालाओं का गहन अवलोकन किया और साथ ही पुस्तकालय में उपलब्ध शैक्षणिक संसाधनों का जायजा लिया।




**अभियान** पुलिस ने वैश्य कॉलेज में विद्यार्थियों को किया जागरूक

# साइबर अपराध और नशे से बचने के दिए टिप्स

- आज के समय में युवाओं को सतर्क रहने की सबसे ज्यादा जरूरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर में बढ़ते अपराधों की रोकथाम और युवाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से रोहतक पुलिस लगातार अभियान चला रही है। इसी कड़ी में पुलिस अधीक्षक गौरव राजपुरोहित के दिशा-निर्देशों पर पुलिस की विभिन्न टीमों ने वैश्य कॉलेज में छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध, महिलाओं के विरुद्ध अपराध, नशे के दुष्प्रभाव और यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों को विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि आज के समय में युवाओं को सबसे अधिक सतर्क रहने की जरूरत है। उपनिरीक्षक अमर और सहायक उपनिरीक्षक मोहन ने छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में समझाते हुए कहा कि नशा तेजी से युवाओं में फैल रहा है, जो समाज के लिए गंभीर खतरा बनता जा रहा है। उन्होंने बताया कि युवा वर्ग नशीली दवाइयों, ड्रग्स और अन्य नशीले पदार्थों की ओर आकर्षित हो रहा है, जिससे उनका भविष्य अंधकारमय हो सकता है। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति को मानसिक, शारीरिक और आर्थिक रूप से कमजोर बना देता है। नशे की लत कई बार व्यक्ति को अपराध की ओर भी धकेल देती है। ऐसे में जरूरी है कि युवा खुद नशे से दूर रहें और अपने परिवार, दोस्तों व आसपास के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करें।



**नशे की लत छुड़वाने के किए जा रहे प्रयास**

पुलिस ने यह भी बताया कि जो लोग नशा छोड़ना चाहते हैं, उनके लिए काउंसलिंग की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। डॉक्टरों के माध्यम से काउंसलिंग और पीजीआईएमएस स्थित नशामुक्ति केंद्र की सहायता से उनकी लत छुड़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस अधिकारियों ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि यदि कहीं भी नशा बेचने की गतिविधि नजर आती है तो तुरंत डायल 112 पर सूचना दें। सूचना देने वाले का नाम और पता पूरी तरह गोपनीय रखा जाएगा, ताकि लोग बिना डर के आगे आकर सहयोग कर सकें।

**महिलाओं की सुरक्षा को लेकर भी दी जानकारी**

महिलाओं की सुरक्षा को लेकर भी पुलिस ने अपने प्रयासों की जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि महिला सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। महिलाओं से संबंधित हर शिकायत की गंभीरता से जांच की जाती है और उच्च स्तर तक इसकी निगरानी की जाती है, ताकि पीड़ितों को समय पर न्याय मिल सके और सुरक्षित माहौल सुनिश्चित किया जा सके।

### साइबर अपराधों के प्रति किया जागरूक

साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करते हुए पुलिस ने बताया कि आज के डिजिटल युग में ऑनलाइन फ्रॉड और हैकिंग के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे में लोगों को अपने सोशल मीडिया अकाउंट और बैंकिंग डिटेल्स को सुरक्षित रखना बेहद जरूरी है। विद्यार्थियों को सलाह दी गई कि वे किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें और अपनी ओटीपी या निजी जानकारी किसी के साथ साझा न करें।

### यहां कर सकते हैं शिकायत

पुलिस ने बताया कि यदि किसी व्यक्ति के साथ साइबर अपराध होता है तो वह तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कर सकता है। इसके साथ ही नेशनल साइबर क्राइम पोर्टल पर भी ऑनलाइन शिकायत की जा सकती है। इसके अलावा नजदीकी पुलिस थाने या साइबर थाना रोहतक में भी शिकायत दी सकती है।

### पुस्तकें ही गढ़ती हैं समाज की सोच



रोहतक। पुस्तकें न केवल ज्ञान विस्तारण का कार्य करती हैं, बल्कि पुस्तकें मानवीय संवेदनाओं की संवाहक भी हैं। पुस्तकों से जुड़ने, पुस्तकें पढ़ने, तथा सहेजी समाज बनाने के लिए पुस्तक पठन-पाठन संस्कृति विकसित करने की बात वीरवार को विश्व पुस्तक एवं कॉपीराइट दिवस पर महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (मदवि) के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में बुक क्लब एक्टिविटी (संवाद कार्यक्रम) में प्राध्यापक सुनित मुखर्जी ने रखी। विभाग के बुक क्लब के प्रभारी प्राध्यापक सुनित मुखर्जी ने इस कड़ी में बंगाल के राजनीतिक परिदृश्य पर लिखी व संकलित घोष की पुस्तक बैटलग्राउंड बंगाल तथा भोजन की बौद्धिक संपदा पर अनिमेष मुखर्जी की पुस्तक इतिहास की थाली बारे विद्यार्थियों को अवगत करवाया। इतिहास की थाली पुस्तक बारे उन्होंने कहा कि हमारी थाली सिर्फ पेट नहीं परोसती, भूख ही नहीं मिटाती, इतिहास की जानकारी देती है तथा सांस्कृतिक पहचान है। वहीं बैटलग्राउंड बंगाल पुस्तक बंगाल के बदलते राजनीतिक परिदृश्य की विश्लेषणात्मक प्रस्तुति है।

## सुबह से शाम तक लग रहीं वाहनों की लंबी कतारें

# ट्रैफिक का ट्रायंगल: कोर्ट-डीसी ऑफिस आईसी कॉलेज के बीच जाम का अड्डा

**अतिक्रमण और ऑटो चालकों की मनमानी से बढ़ी परेशानी**

**संकरी सड़कें बनीं जाम की सबसे बड़ी वजह**

**एंबुलेंस फंसने से मरीजों की जान पर संकट**

**लोगों की लगातार शिकायतें लेकिन समाधान अधूरा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरिभूमि सरोकार

शहर के सबसे व्यस्त इलाके में इन दिनों ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई नजर आ रही है। एक तरफ कोर्ट परिसर, दूसरी ओर डीसी ऑफिस, तीसरी ओर आईसी कॉलेज और चौथी तरफ सोनीपत स्टैंड इन चारों दिशाओं के बीच फंसा यह इलाका अब जाम का स्थायी अड्डा बन चुका है। हालात यह हैं कि सुबह से लेकर शाम तक यहां वाहनों की लंबी कतारें लगी रहती हैं और राहगीरों को घंटों जाम में फंसे रहना पड़ता है। इस इलाके की सबसे बड़ी समस्या अव्यवस्थित ट्रैफिक के साथ-साथ बढ़ता अतिक्रमण और ऑटो चालकों की मनमानी है। सड़कों के किनारे जहां दुकानदारों ने अपना सामान फैला रखा है, वहीं ऑटो चालक बीच सड़क पर ही वाहन रोककर सवारियां बिठाते नजर आते हैं। इससे पहले से ही संकरी हो चुकी सड़क और भी तंग हो जाती है, जिससे वाहनों की आवाजाही बाधित होती है।



## जाम का जंजाल

### आपातकालीन सेवाएं प्रभावित

राहगीरों की मानें तो इस जाम के कारण न सिर्फ समय की बर्बादी हो रही है, बल्कि आपातकालीन सेवाएं भी प्रभावित हो रही हैं। कई बार एंबुलेंस भी इस जाम में फंस जाती है, जिससे मरीजों की जान पर बन आती है। स्कूल बसें और ऑफिस जाने वाले लोग भी रोजाना इस समस्या से जूझ रहे हैं। इस समस्या का समाधान तभी संभव है जब ट्रैफिक व्यवस्था को सख्ती से लागू किया जाए और अतिक्रमण को हटाया जाए। साथ ही ऑटो चालकों के लिए निर्धारित स्टैंड बनाए जाएं, ताकि वे बीच सड़क पर सवारियां न बिठाएं।

### पूरी तरह जाम में जकड़ जाता है इलाका

सुबह के समय जब कोर्ट में सुनवाई के लिए लोग पहुंचते हैं और सरकारी कार्यालयों में कर्मचारियों का आना-जाना शुरू होता है, तब स्थिति और भी भयावह हो जाती है। आईसी कॉलेज के छात्र-छात्राएं भी इसी रास्ते से गुजरते हैं, जिससे ट्रैफिक का दबाव कई गुना बढ़ जाता है। दोपहर और शाम के समय तो यह इलाका पूरी तरह जाम में जकड़ जाता है।

### कई बार शिकायतें भी की गईं

*लोगों का कहना है कि यह समस्या कोई नई नहीं है, लेकिन प्रशासन की ओर से इसे लेकर ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे। कई बार शिकायतें भी की गई हैं, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। लोगों का आरोप है कि ट्रैफिक पुलिस की मौजूदगी न के बराबर रहती है और जहां होती भी है, वहां सिर्फ औपचारिकता निभाई जाती है।*

### जाने क्यों लग रहा जाम

- कोर्ट, डीसी ऑफिस और कॉलेज का एक ही रूट पर होना
- सड़क किनारे बढ़ता अतिक्रमण
- ऑटो चालकों द्वारा बीच सड़क पर सवारी बैठाना
- ट्रैफिक पुलिस की कमी
- पार्किंग की उचित व्यवस्था नहीं

### ये हो सकता है समाधान

- सख्ती से अतिक्रमण हटाया जाए
- ऑटो के लिए निर्धारित स्टैंड बनाए जाएं
- ट्रैफिक पुलिस की संख्या बढ़ाई जाए
- पार्किंग की उचित व्यवस्था की जाए
- पीक आवर्स में विशेष ट्रैफिक प्लान लागू हो

**नौनंद-खरावड़ में चला बुलडोज़र**

# 41 एकड़ में बसाई जा रही अवैध कॉलोनी में तोड़फोड़



रोहतक। इंटरलॉक टाइल से बने सड़क नेटवर्क को ध्वस्त करते।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर में अवैध कॉलोनियों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए गांव नौनंद और खरावड़ में बड़े पैमाने पर तोड़-फोड़ अभियान चलाया। उपायुक्त सचिन गुप्ता के अनुसार, लगभग 41 एकड़ क्षेत्र में विकसित की जा रही एक अवैध कॉलोनी को निशाना बनाते हुए इंटरलॉक टाइल से बने सड़क नेटवर्क को ध्वस्त कर दिया गया। यह कार्रवाई केवल ईंट-पत्थर तोड़ने की नहीं, बल्कि अवैध निर्माण के फैलते जाल पर सीधा प्रहार है। जिला प्रशासन का स्पष्ट संदेश है कि बिना अनुमति पनप रही कॉलोनियों को किसी भी सूरत में विकसित नहीं होने दिया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि नियंत्रित और शहरी क्षेत्रों में अवैध निर्माण पर अंकुश लगाने के लिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

### नागरिकों से अपील

डीसी सचिन गुप्ता ने आम नागरिकों को सावधान करते हुए अपील की कि वे अपनी जीवनभर की कमाई को अवैध कॉलोनियों में निवेश करने से बचें। ऐसे मामलों में प्रशासन समय-समय पर कार्रवाई करता रहेगा, जिससे निवेशकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि जागरूकता ही इस समस्या का सबसे बड़ा समाधान है।

### पर्याप्त पुलिस बल भी तैनात किया

अभियान के दौरान जिला नगर योजनाकार कार्यालय की टीम मौके पर मौजूद रही, जबकि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल भी तैनात किया गया। पूरी कार्रवाई शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई गई, ताकि किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो।

### निवेश करने से पहले वैधता की जांच करें

जिला नगर योजनाकार लिंक ऑफिसर, अंजू ने भी नागरिकों से अपील की कि किसी भी संपत्ति में निवेश करने से पहले उसकी वैधता की जांच अवश्य करें। उन्होंने बताया कि सेक्टर-1 स्थित कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस पर आकर लोग संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। यह अभियान प्रशासन की उस रणनीति का हिस्सा है, जिसमें शहर के नक्शे को अनियोजित विस्तार से बचाने और सुनियोजित विकास की राह पर बनाए रखने का प्रयास किया जा रहा है। जमीन पर चलती मशीनें मानो यह याद दिला रही हैं कि नियमों की नींव जितनी मजबूत होगी, शहर उतना ही सुरक्षित और व्यवस्थित बनेगा।



## एमडीयू में सॉफ्ट स्किल्स प्रशिक्षण पूरा, अब शुरू होगा एसएसबी गाइडेंस

**रोहतक।** महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी के छात्र कल्याण कार्यालय के तत्वावधान में संचालित यूथ सेंटर फॉर स्किल डेवलपमेंट फॉर ऑल सर्विस द्वारा आयोजित सॉफ्ट स्किल्स एवं एसएसबी गाइडेंस कार्यक्रम के पांचवें बैच (अप्रैल 2026) का पहला चरण सफलतापूर्वक पूरा हो गया। छात्र कल्याण विभाग के तहत चल रहे इस प्रशिक्षण में विद्यार्थियों को व्यक्तित्व विकास, संचार कौशल और सॉफ्ट स्किल्स पर विशेष प्रशिक्षण दिया गया, जिससे उनके आत्मविश्वास और पेशेवर क्षमता में वृद्धि हुई।प्रोजेक्ट डायरेक्टर शालिनी सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का दूसरा चरण 24 अप्रैल से शुरू होगा। इसमें रक्षा सेवाओं और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में जाने के इच्छुक अभ्यर्थियों को एसएसबी साक्षात्कार, मनोवैज्ञानिक परीक्षण और ग्राउंड टास्क की तैयारी कराई जाएगी। अनुभवी पूर्व एसएसबी मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे विद्यार्थियों को चयन प्रक्रिया की बेहतर समझ मिल सके। इस दौरान डीन, स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो सपना गर्ग, निदेशक युवा कल्याण डॉ प्रताप राठी और परियोजना सहायक संदीप कुमार उपस्थित रहे।



रोहतक। मार्च निकालने के बाद मौजूद विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

## नेकीराम कॉलेज की जर्जर हालत को लेकर निकाला विरोध मार्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय में जर्जर भवन और टूटी सड़कों की समस्या को लेकर स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) यूनिट ने कॉलेज कैंपस में जोरदार प्रदर्शन किया। छात्रों ने कॉलेज प्रशासन को एक रिमाइंडर मांग पत्र सौंपते हुए नई बिल्डिंग के निर्माण कार्य को जल्द शुरू करने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने छात्र एकता जिंदाबाद के नारों के साथ पूरे कैंपस में मार्च निकाला। छात्र सभा को संबोधित करते हुए जिला सचिव अमित पिलाना ने कहा कि यदि इस शैक्षणिक सत्र के भीतर निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। यूनिट अध्यक्ष लक्ष्य और छात्र नेता सनी जोगी ने कहा कि ऐतिहासिक कॉलेज की गरिमा बचाने के लिए सभी छात्रों को एकजुट होकर सोशल मीडिया और धरातल पर आवाज उठानी होगी। छात्रों की मांगों को सुनने पहुंचे प्राचार्य प्रोफेसर सुरेंद्र सांगवान ने आश्वासन दिया कि मांग पत्र को उच्च शिक्षा विभाग और सरकार के पास भेज दिया गया है और प्रशासन भवन निर्माण के लिए गंभीर प्रयास कर रहा है। इस मार्च में रोहित कलसन, पंकज, उज्जवल कुंडू, शुभम, अर्चना और रेनू सहित सैकड़ों छात्र मौजूद रहे।

**अतिक्रमण पर निगम का वार**

## गंदगी फैलाने पर काटे 11 के चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



शहर को स्वच्छ, व्यवस्थित एवं अतिक्रमण मुक्त बनाने के उदेश्य से नगर निगम द्वारा निरंतर कार्य किया जा रहा है। आयुक्त सचिन गुप्ता के निर्देशो की अनुपालना में नगर निगम की टीम ने गोहाना अड्डा के पास मार्केट क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया गया, जिस दौरान सड़क पर सामान रखकर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए उनका सामान जब्त किया गया। मौके पर टीम ने प्लास्टिक कचरा फैलाने एवं गंदगी करने वालों के विरुद्ध चालान भी किए। दुकानदारों ने हिदायत दी कि सार्वजनिक स्थानों पर सामान न रखें और स्वच्छता नियमों का पालन करें, अन्यथा भविष्य में और कड़ी कार्रवाई की जाएगी।नगर निगम आयुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि नगर निगम की सफाई शाखा की टीम को निर्देशित किया गया था कि गंदगी फैलाने वालों के चालान सुनिश्चित किए जाए। निगम की टीम द्वारा 11 चालान 5400 रूपये के किए गए जिसमें 4 चालान 1400 रूपये के गंदगी फैलाने वालो व 7 चालान 4000 रूपये का सिंगल यूज प्लास्टिक बेचने वाले का किया गया।

### अभियान जारी

शहर की स्वच्छता व्यवस्था को बनाए रखने के लिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा तथा नियमों की अवहेलना करने वालों के विरुद्ध निरंतर कार्रवाई की जाएगी। संयुक्त आयुक्त नमिता कुमारी द्वारा बल्क वेस्ट जनरेटर्स के साथ निरंतर बैठक की जा रही है आज भी 10 बल्क वेस्ट जनरेटर्स के साथ बैठक आयोजित की गई।, बैठक के दौरान बताया गया कि नियमो की अवहेलना करने पर 50000 रूपये का जुर्माना किया जायेगा।

## पंचायत भूमि पर लगेंगे सोलर पावर प्लांट बढ़ेगी आमदनी और आत्मनिर्भरता

**रोहतक।** हरियाणा में ग्रामीण विकास को नई ऊर्जा देने के लिए पंचायत स्तर पर सौर ऊर्जा उत्पादन की बड़ी पहल शुरू की गई है। सरकार ने सभी उपायुक्तों को निर्देश दिए हैं कि वे ऐसी ग्राम पंचायतों की पहचान करें, जिनके पास कम से कम 3 एकड़ उपयुक्त शामिलात भूमि और निवेश की क्षमता हो। योजना के तहत 3 एकड़ भूमि पर 1 मेगावाट क्षमता का सोलर प्लांट लगाया जा सकेगा, जिससे प्रतिदिन लगभग 4,000 से 5,000 यूनिट बिजली उत्पादन का अनुमान है। यह बिजली न केवल स्थानीय जरूरतों को पूरा करेगी, बल्कि राज्य की ऊर्जा आपूर्ति को भी मजबूती देगी। इस परियोजना की खास बात यह है कि उत्पादित बिजली को डिस्कॉम द्वारा तय दरों पर खरीदा जाएगा, जिससे पंचायतों को नियमित आय का स्रोत मिलेगा। इससे गांवों में विकास कार्यों के लिए वित्तीय संसाधन बढ़ेंगे और पंचायतें आर्थिक रूप से मजबूत होंगी। परियोजना की लागत 13.25 करोड़ से 23 करोड़ रुपये के बीच आंकी गई है, जिसमें पंचायतों को शुरुआती तौर पर करीब 3 करोड़ रुपये की व्यवस्था करनी होगी।

## विद्यार्थियों को ध्यान के बारे में बताया

**रोहतक।** पंडित नेकीराम शर्मा महाविद्यालय के शिवालिक छात्रावास में तक तीन दिवसीय हार्टफुलनेस मेडिटेशन कार्यशाला का आयोजन करवाया गया। इस



कार्यशाला में हॉस्टल की छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया तथा ध्यान सत्र को सफलतापूर्वक पूरा किया। ध्यान अभ्यास करवाने हेतु हार्टफुलनेस मेडिटेशन के ट्रेनर डॉक्टर वीरेंद्र फोगाट फूल सिंह ढाका ने ट्रेनर के रूप में सराहनीय कार्य किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर सुरेंद्र सांगवान ने विद्यार्थियों को ध्यान कार्यशाला का महत्व बताते हुए इस आयोजन की प्रशंसा की। मनोविज्ञान विभाग से प्रोफेसर अनीता मलिक कार्यशाला की इंचार्ज रही व हॉस्टल वार्डन डॉक्टर मंजू, डॉक्टर ज्योति ने सक्रिय भूमिका अदा की। इस कार्यशाला का आयोजन मनोविज्ञान विभाग की काउंसलिंग सेल के द्वारा कराया गया था।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## बारिश में हालात हो जाएंगे बदतर : सड़कों के गड्ढों में पानी भरने से आवाजाही में भी भारी मुश्किल

**व्यापारियों व स्थानीय लोगों में भारी रोष**

# विकास की उल्टी तस्वीर : दस साल से सड़कें टूटीं, लेकिन निगम ग्रीन बेल्ट को सजाने में जुटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सेक्टर-1-2 के मुख्य बाजारों में इन दिनों ग्रीन बेल्ट का लाल पत्थरों से सौंदर्यीकरण किया जा रहा है, लेकिन लोगों और व्यापारियों का कहना है कि यह काम प्राथमिकता के हिसाब से बिल्कुल उल्टा है। पिछले करीब दस वर्षों से मार्केट की सड़कें बदहाल स्थिति में हैं, जिनकी ओर नगर निगम ने आज तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया। ऐसे में सौंदर्यीकरण के कार्य लोगों के लिए राहत के बजाय नाराजगी का कारण बनते जा रहे हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि सड़कें जगह-जगह से टूटी हुई हैं, गड्ढों में पानी भर जाता है और आवाजाही करना मुश्किल हो जाता है। इस क्षेत्र में अब तक दो पार्षद अपना कार्यकाल पूरा कर चुके हैं और वर्तमान में तीसरे पार्षद का कार्यकाल चल रहा है, लेकिन धरातल पर विकास कार्यों की स्थिति जस की तस बनी हुई है। लोगों का आरोप है कि हर चुनाव में सड़कों के निर्माण का वादा किया जाता है, लेकिन चुनाव खत्म होते ही ये मुद्दे पीछे छूट जाते हैं।



रोहतक। टूटी सड़कें व दीवारों पर लाल पत्थरों से सौंदर्यीकरण ।



रोहतक। बारिश के मौसम में ऐसे हो जाते हैं हालात।

### बारिश में समस्या और ज्यादा पनपती

बारिश के मौसम में समस्या और भी गंभीर हो जाती है। पानी भरने से गड्ढे दिखाई नहीं देते और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। कई बार वाहन फंस जाते हैं, जिससे ट्रैफिक जाम की स्थिति भी पैदा हो जाती है। स्थानीय लोगों की मांग है कि निगम को विकास कार्यों की प्राथमिकताओं को सही तरीके से तय करना चाहिए। उनका कहना है कि बुनियादी सुविधाओं जैसे सड़क, जल निकासी और सफाई को प्राथमिकता दी जानी चाहिए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके। जब तक इन समस्याओं का समाधान नहीं होता, तब तक सौंदर्यीकरण जैसे कार्य लोगों को प्रभावित करने में नाकाम ही रहेंगे।

### पहले होना था सड़क निर्माण फिर सौंदर्यीकरण

स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि यदि पहले सड़क का निर्माण कराया जाता और उसके बाद सौंदर्यीकरण किया जाता, तो यह ज्यादा व्यावहारिक और जनता के हित में होता। उनका कहना है कि टूटी सड़कों के बीच सुंदर दीवारें किसी भी तरह से क्षेत्र की छवि सुधारने में मददगार नहीं हो सकतीं। इसी तरह की स्थिति सेक्टर 3 के सामने स्थित मार्केट में भी देखने को मिल रही है। यहां मुख्य सड़क का निर्माण तो कर दिया गया है, लेकिन मार्केट के अंदर की सड़कें अभी भी बेहद खराब हालत में हैं। जगह-जगह गड्ढे और उखड़ी हुई सड़कें लोगों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई हैं।

### जल्द निर्माण कार्य करवाया जाएगा

सौंदर्यीकरण भी करवाया जा रहा है और सड़कों का निर्माण भी साथ की साथ करवाया जा रहा है। फिलहाल मार्केट की सड़के बची हुई है। इनका भी जल्द निर्माण कार्य करवाया जाएगा। कोई भी सड़क नहीं छोड़ी जाएगी। सभी का निर्माण कार्य होगा। -**सुशील नांदल,** पार्षद, वार्ड-12